# कार्यवाही विवरण

मेसर्स शिवशंकर मिनरल्स एण्ड डोलोमाईट (प्रो–श्रीमति शोभा अग्रवाल), ग्राम–धौराभाठा, तहसील–बिल्हा, जिला–बिलासपुर स्थित खसरा क्रमांक 252, 253/1, 253/3, 257, 260, 261/1, 261/2, 262, 263, 264, 265/1–2, 268, 269/1, 269/2 एवं 270, कुल क्षेत्रफल–5.811 हेक्टेयर में प्रस्तावित डोलोमाईट (गौण खनिज) उत्खनन क्षमता–50,000 टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् **दिनांक 16/12/2022 को प्रातः 11:00 बजे शासकीय हाई स्कूल परिसर, ग्राम–धौराभाठा, तहसील–बिल्हा, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)** में आयोजित लोकसुनवाई का कार्यवाही विवरण :–

भारत शासन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसार मेसर्स शिवशंकर मिनरल्स एण्ड डोलोमाईट (प्रो–श्रीमति शोभा अग्रवाल), ग्राम–धौराभाठा, तहसील–बिल्हा, जिला–बिलासपुर स्थित खसरा क्रमांक 252, 253/1, 253/3, 257, 260, 261/1, 261/2, 262, 263, 264, 265/1–2, 268, 269/1, 269/2 एवं 270, कुल क्षेत्रफल–5.811 हेक्टेयर में प्रस्तावित डोलोमाईट (गौण खनिज) उत्खनन क्षमता–50,000 टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में लोक सुनवाई हेतु उद्योग के आवेदन के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय समाचार पत्र दैनिक भास्कर, बिलासपुर में दिनांक 15/11/2022 तथा राष्ट्रीय समाचार पत्र द पायोनियर, नई दिल्ली के मुख्य संस्करण में दिनांक 15/11/2022 को लोक सुनवाई संबंधी सूचना प्रकाशित करवाई गई थी। तद्नुसार लोक सुनवाई दिनांक 16/12/2022 को 11:00 बजे शासकीय हाई स्कूल परिसर, ग्राम–धौराभाठा, तहसील–बिल्हा, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजित की गई। ई.आई.ए. अधिसूचना 14.09.2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार की प्रति (हिन्दी व अंग्रेजी) एवं इसकी सी.डी. (साफ्ट कापी) जन सामान्य के अवलोकन/पठन हेतु कार्यालय कलेक्टर बिलासपुर, कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बिलासपुर, अनुविभागीय अधिकारी (रा0), कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिल्हा, जिला–बिलासपुर, महाप्रबंधक, कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बिलासपुर, क्षेत्रीय कार्यालय, क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर, सरपंच/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत–धौराभाटा, मोहदा, बुटेना, मुरू, मेड़पार (छोटा), दौना, तहसील–बिल्हा, जिला–बिलासपुर (छ.ग.), डायरेक्टर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, वायु विंग, जोरबाग रोड़, नई दिल्ली, मुख्य वन संरक्षक, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर – 19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) में रखी गई है। परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां एवं आपत्तियां सूचना प्रकाशन जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया। इस दौरान लोक सुनवाई के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां/आपत्तियों के संबंध में इस कार्यालय को भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुआ हैं।

लोक सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 16/12/2022 को 11:00 बजे शासकीय हाई स्कूल परिसर, ग्राम–धौराभाठा, तहसील–बिल्हा, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजित की गई। लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ की गई।

सर्वप्रथम श्री आर. एस. कुरवंशी, अतिरिक्त कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ करने की अनुमति के साथ देवव्रत मिश्रा, क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर द्वारा भारत शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 (यथा संशोधित) के परिपेक्ष्य में लोक सुनवाई के महत्व एवं प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी जनसामान्य को दी गई।

तत्पश्चात् परियोजना प्रस्तावक की ओर से श्री बुद्वदेव पाण्डेय, अल्ट्राटेक इन्वॉयरन्मेंट कंसल्टेंसी एंड लेबोरेटरी, ठाणे के द्वारा मेसर्स शिवशंकर मिनरल्स एण्ड डोलोमाईट (प्रो–श्रीमति शोभा अग्रवाल), ग्राम–धौराभाठा, तहसील–बिल्हा, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) परियोजना के संबंध में संक्षिप्त जानकारी जनसामान्य को अवगत कराया गया।

अतिरिक्त कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को जनसुनवाई संबंधी विषय पर अपने सुझाव, आपत्ति, विचार, टीका–टिप्पणी मौखिक अथवा लिखित रूप से प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

तत्पश्चात् उपस्थित लोगों ने मौखिक रूप से सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां दर्ज कराया गया। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

1. **श्री शिव कुमार यादव सरपंच, ग्राम–धौराभाठा** :– मैं मेसर्स शिवशंकर मिनरल्स एण्ड डोलोमाईट (प्रो–श्रीमति शोभा अग्रवाल), ग्राम–धौराभाठा, डोलोमाईट के लिए समर्थन करता हूँ।

2. **श्री विनोद दिवाकर, भूतपूर्व सरपंच, ग्राम–धौराभाठा** :– ये माइंस के नाम से संचालित है। पर्यावरण के नाम से कुछ महसूस होता है। हम चाहते है कि रोजगार का अवसर खुले। कुछ लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिले। ग्राम पंचायत के तरफ से अवाज उठाते है। पहली बार जन सुनवाई हुआ है। जन सुनवाई का समर्थन करते है। बीच–बीच में देखभाल करते रहे। इसमें कोई आपत्ति वाला बात नहीं है।

3. **श्री भूपेन्द्र, ग्राम–धौराभाठा** :– रोजगार का मौका देता है ये खदान खुले।

4. **श्री स्वपनिल पाण्डेय, ग्राम–धौराभाठा** :–मुझे कोई आपत्ति नहीं है। रोजगार की जरूवत है।

5. **श्री कमल गिरी गोस्वामी, ग्राम–धौराभाठा** :– समर्थन है।

6. **श्री बलदेव, ग्राम–धौराभाठा** :–समर्थन है।

7. **श्री बिसाहूराम, ग्राम–धौराभाठा** :– समर्थन है।

8. **श्री राम सिंह, ग्राम–धौराभाठा** :–समर्थन है।

9. **श्री शिव प्रसाद साहू , ग्राम–धौराभाठा** :–खदान खुलने में समर्थन है।

10. **श्री विनोद डहरिया, ग्राम–धौराभाठा** :– समर्थन है इसके खुलने से रोजगार मिलेगा।

11. **श्री बसंत कुमार साहू, ग्राम–धौराभाठा** :–खदान खुलने का समर्थन करता हॅू।

12. **श्री संदीप कुमार रात्रे, ग्राम–धौराभाठा** :–मैं खदान खुलने का समर्थन करता हॅू।

13. **श्री रामानंद, ग्राम–धौराभाठा** :– मैं समर्थन करता हॅू।

14. **श्री द्वारिका प्रसाद पटेल , ग्राम–धौराभाठा** :– शिव शंकर का जो जन सुनवाई है उसका समर्थन करता हॅू।

15. **श्री दुर्गा प्रसाद, ग्राम–धौराभाठा** :–खदान खुलने का समर्थन करता हॅ। रोजगार का साधन है।

16. **श्री बृज साहू, ग्राम–धौराभाठा** :–खदान खुलने का समर्थन है।

17. **श्री अखिलेश राज, ग्राम–धौराभाठा** :–खदान खुलने के लिए सहमत दे रहा हॅू।

18. **श्री धनंजय कुर्रे, ग्राम–धौराभाठा** :–खदान खुलने का समर्थन दे रहा हॅू।

19. **श्री हीरा सिंह , ग्राम–धौराभाठा** :– समर्थन करता हॅू।

20. **श्री राहुल कुमार, ग्राम–धौराभाठा** :–खदान खुलने का समर्थन करता हॅू।

21. **श्री प्रदीप कुमार, ग्राम–धौराभाठा** :–खदान खुलन के लिए समर्थन करता हॅू।

22. **श्री हीरा सिंह साहू , ग्राम–धौराभाठा , सरपंच** :– खदान खुलने के लिए मैं अपना समर्थन प्रदान करता हॅू।

23. **श्री आशाराम, ग्राम–धौराभाठा** :– समर्थन है।

24. **श्री पकलूराम, ग्राम–धौराभाठा** :– समर्थन है।

25. **श्री विरेन्द्र भार्गव, ग्राम–धौराभाठा** :– काफी मात्रा में जॉब होगा इसका मैं समर्थन करता हॅू।

26. **श्री सत्यलाल , ग्राम–धौराभाठा** :–समर्थन है।

27. **श्री संतराम केवट, ग्राम–धौराभाठा** :–खदान के समर्थन है।

28. **श्री नरेश कुमार, ग्राम–धौराभाठा** :– समर्थन करता हॅू।

29. **श्री नीरज कुर्रे, ग्राम–धौराभाठा** :–गांव में खदान खुले हम लोगों को रोजगार मिले समर्थन करता हू।

30. **श्री टेकचंद टण्डन, ग्राम–धौराभाठा** :–खदान खुलने का समर्थन करता हॅू।

31. **श्री विनोद कुमार, ग्राम–धौराभाठा** :–खदान खुलने का समर्थन करता हूॅ।

32. **श्री रविन्द्र कुमार, ग्राम–धौराभाठा** :–1000 लोग काम करते है। खदान खुलना आवश्यक हैं बेरोजगारी है खदान खुलने से इसमें रोजगार मिलेगा।

33. **श्री प्रमोद कुमार रात्रे, ग्राम–धौराभाठा** :– खदान खुलने का समर्थन करता हूॅ।

34. **श्री रेवा प्रसाद कुर्रे, ग्राम–धौराभाठा** :– खदान खुलने का समर्थन करता हूॅ।

35. **श्री सुनील झा, ग्राम–मेडपार** :– मैं ये खदान खुलने का समर्थन करता हूॅ।

36. **श्री सखाराम, ग्राम–धौराभाठा** :– खदान खुलने के लिए समर्थन है।

37. **श्री बिसौहा रात्रे, ग्राम–धौराभाठा** :– खदान के बगल में मेरा खेत है। मैं ऐखर विरोध करथव।

38. **श्री उत्तम रात्रे, ग्राम–धौराभाठा** :–20–25 साल से खदान का काम चल रहा है। मजदूर तो धौराभाठा के लोग काम करते है। गांव में ध्यान देना चाहिए। पंचायत के भरोसे मे दे देते है। गांव का उन्नति खदान से सेठ को बेनिफीट मिलता है। गांव के विकास के लिए चर्चा भी करना चाहिए। ये मेरा आग्रह और बिनती है।

39. **श्री राजकुमार घृतलहरे, ग्राम–धौराभाठा** :– खदान खुलने से हमको कोई आपत्ति नहीं है। हमारा खेत लगा हुआ है।

40. **श्री जीवन लाल यादव, ग्राम–धौराभाठा** :–मैं समर्थन में हूॅ रोड की समस्या है। बरसात में चलने में परेशानी होता है रोड का मरम्मत अच्छे से किया जाये।

41. **श्री सुनिल, ग्राम–धौराभाठा** :– खदान के लिए समर्थन करता हूॅ। रोड बहुत खराब है आये दिन दुर्घटना होता है, न पानी डालते है न रोड बनाते है।

42. **श्री दिलहरण यादव , ग्राम–धौराभाठा** :– शिव शंकर मिनरल्स खुलने में हमें कोई आपत्ति नहीं है। स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाये। शिव शंकर मिनरल्स मुझे अपने कंपनी में काम अर्जित कराये।

उपरोक्त वक्तव्यों के बाद अतिरिक्त कलेक्टर, जिला–बिलासपुर तथा क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा उपस्थित जन समुदाय से अपने विचार व्यक्त करने का अनुरोध किया गया। किंतु जब कोई भी व्यक्ति अपने विचार व्यक्त करने हेतु उपस्थित नहीं हुआ तब लगभग 12:00 बजे अतिरिक्त कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा लोक सुनवाई के दौरान आये विभिन्न मुद्‌दों के निराकरण हेतु परियोजना प्रस्तावक को आमंत्रित किया गया।

परियोजना प्रस्तावक की ओर से श्री बुद्वदेव पाण्डेय, अल्ट्राटेक इन्वॉयरन्मेंट कंसल्टेंसी एंड लेबोरेटरी, ठाणे, मेसर्स शिवशंकर मिनरल्स एण्ड डोलोमाईट (प्रो–श्रीमति शोभा अग्रवाल), ग्राम–धौराभाठा, तहसील–बिल्हा, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये मुख्य्‌ मुद्‌दों के निराकरण हेतु मौखिक रूप से उपस्थित जन समुदाय को अवगत कराया गया। लगभग 12:30 बजे अतिरिक्त कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा लोकसुनवाई सम्पन्न होने की घोषणा की गई।

लोकसुनवाई स्थल पर लिखित में 251 आवेदन पत्र सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी प्राप्त हुई। स्थल पर उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को आवेदक से परियोजना पर सूचना/स्पष्टीकरण प्राप्त करने का अवसर दिया गया। लोक सुनवाई के दौरान 42 व्यक्तियों के द्वारा मौखिक सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी एवं आपत्तियां अभिव्यक्त की गई, जिसे अभिलिखित किया गया। लोक सुनवाई में लगभग 80 व्यक्ति उपस्थित थे। उपस्थिति पत्रक पर कुल 50 व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर किया गया। आयोजित लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई गई।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
**क्षेत्रीय कार्यालय,**
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल,
बिलासपुर (छ.ग.)

**अतिरिक्त कलेक्टर,**
कार्यालय कलेक्टर,
जिला–बिलासपुर (छ.ग.)